# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–19.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए आज हो रहा मतदान, चौथे चरण के लिए झारखंड की चार सीटों पर नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया जारी।

2. झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक आज दसवीं बोर्ड की परीक्षा का जारी करेगा रिजल्ट।

3. शिक्षा मंत्रालय ने सुकुमार मिश्रा को आइआईटी आइएसएम धनबाद का बनाया निदेशक, प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव ट्रिपल आईटी रांची के बनाये गये निदेशक।

4. राज्य के पुलिस महानिदेशक ने जमीन माफिया को गिरफ्तार करने के लिए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एसआईटी गठित करने का दिया निर्देश।

5. झारखंड में भीषण गर्मी शुरू, अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंचा, अगले तीन दिनों में कई जिलों में लू चलने की संभावना, येलो अलर्ट जारी।

*************

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों के 102 निर्वाचन क्षेत्रों में आज वोट डाले जा रहे हैं। वहीं लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए झारखंड की चार संसदीय सीटों पर नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। हालांकि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया। पहले दिन चार उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत ने नामांकन पत्र खरीदा। वे 25 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं पलामू सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम, राजद उम्मीदवार ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमाक्रेसी के वृंदा राम और पीके सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है।

*************

केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र ने आम मतदाताओं में उत्साह का संचार किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में निहित सभी कार्य योजनायें पिछले दस वर्षों में देश की जनता के हित को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति जनता का भरोसा संकल्प पत्र आने के बाद कई गुना बढ़ गया है।

*************

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। 21 अप्रैल को सुबह सात बजे मैराथन की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रम स्थल में तैयारी सुनिश्चित करने को कहा है।

*************

खूंटी जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*************

शिक्षा मंत्रालय ने देश के छह आईआईटी संस्थानों में नये निदेशकों की नियुक्ति कर दी है। सुकुमार मिश्रा को आईआईटी धनबाद का निदेशक बनाया गया है। वहीं मंत्रालय ने प्राफेसर राजीव श्रीवास्तव को ट्रिपल आइटी रांची का निदेशक बनाया है। निदेशक के पद पर इनकी नियुक्ति 5 वर्ष या 70 वर्ष की उम्र तक जो पहले, हो मान्य होगा।

*************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने जमीन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए सभी जिलों को एसआईटी का गठन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि भू–माफिया से संबंधित मामलों का तेजी से अनुसंधान करें ताकी केस में गवाहों और पीड़ित पक्ष को उचित सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने दर्ज केस का लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।

*************

रांची में बड़गाई अंचल की आठ एकड़ से अधिक जमीन घोटाला मामले में ईडी कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद की  न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह तक बढ़ा दी है। वहीं इसीघोटाला मामले में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतू तिर्की, कारोबारी– विपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पीएलएल कोर्ट ने ईडी की पांच दिनों की रिमांड पर भेज दिया है। अब इन चारों से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी।

*************

झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक बोर्ड आज सुबह साढ़े ग्यारह बजे मैट्रिक का रिजल्ट जारी करेगा। विद्यार्थी जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। रिजल्ट देखने के लिए रोल नंबर और रोल कोड आवश्यक होगा। इस बार कुल 4 लाख 21 हजार 6 सौ अठहत्तर विद्यार्थी शामिल हुए थे। राज्य में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का आयोजन 6 फरवरी से 26 फरवरी के बीच हुआ था।

*************

झारखंड उच्च न्यायालय ने देवघर स्थित त्रिकूट पर्वत में रोपवे दुर्घटना में तीन लोगों की मौत मामले में राज्य सरकार से कार्रवाई के बारे में जवाब मांगा है। अदालत ने कहा कि हादसे को लेकर रोपवे संचालित करने वाले कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, उसपर कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को 30 अप्रैल तक शपथ पत्र दाखिल कर जानकारी देने को कहा है। वहीं साहिबगंज में बच्चों की तस्करी से जुड़े एक मामले में हाई कोर्ट में सीआईडी के डीजी ने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों को बायोमेट्रिक्स के आधार पर ढूढंना संभव नहीं है। कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अगली सुनवाई 12 जून को होगी।

*************

संक्षिप्त खबरें

- पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने कल सोनुवा थाना क्षेत्र के केराबीर और टेंडरसाई वन क्षेत्र के पास नक्सलियों के अस्थाई ठिकाने को नष्ट कर दिया। यहां से विस्फोटक सामग्री और 27 हजार रुपए नकद भी बरामद हुए हैं।
- गोड्डा जिले के सुंदर पहाडी थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा गांव में एक कमजोर आदिवासी समूह के युवक की पुलिस की गोली से मौत के बाद पहाड़िया समुदाय के लोगों ने विरोध व्यक्त किया है। सुंदरपहाड़ी में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।
- रिश्वत लेने के आरोपी सीसीएलकर्मी रामराज नोनिया को सीबीआई की विशेष अदालत ने दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अदालत ने उस पर पांच हजार रुपए का जुर्माना किया है।

*************

झारखंड में कई जिलों का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। वहीं कई जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में कई जिलों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। मौसम विभाग ने आज से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में और कल से 21 अप्रैल तक संथाल परगना में लू चलने की संभावना जतायी है। पिछले 24 घंटे में

सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 43 दशमलव 7 डिग्री दर्ज किया गया। इधर गर्मी को देखते हुए कई निजी विद्यालयों ने समय सारिणी में बदलाव करना शुरू कर दिया है।

*************

आईपीएल क्रिकेट में कल मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ विकेट से हरा दिया। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स 19 ओवर और 1 गेंद में 183 रन पर आउट हो गई। जबकि पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में सात विकेट पर 192 रन बनाए। आज लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मैच शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

*************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 21 राज्यों की 102 सीटों पर आज हो रहे मतदान की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने आज हो रहे मतदान पर लिखा है– आज अंगुली के इशारे पर सत्ता। हिन्दुस्तान ने उलगुलान रैली को लेकर आयोजित बैठक में सीएम के बयान को सुर्खी बनायी है। लिखा है– झारखंड की हकमारी का रैली में मांगेंगे हिसाब। प्रभात खबर ने ईडी के हवाले से लिखा है– फर्जी दस्तावेज से भू–माफिया और अफसर कर रहे गोरखधंधा, 266 करोड़ रूपये की जमीन जब्त। दैनिक जागरण ने आज जैक बोर्ड के मैट्रिक रिजल्ट जारी होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। वहीं रांची एक्सप्रेस और राष्ट्रीय नवीन मेल ने झारखंड में बढ़ते तापमान की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने आज पहले चरण के मतदान की खबर को और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने पश्चिमी सिंहभूम के अंधारी गांव में निर्माणाधीन दीवार ढहने से सो रहे दो बच्चों की मौत और दो के घायल होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*************